*प्रेस नोट* *दिनांक 19.10.2025*

**धोखाधड़ी के मामले सें संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार –**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मधुबन श्री अभय कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में थाना मधुबन पुलिस द्वारा दिनांक 19.10.2025 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना ग्राम सुग्गीचौरी से समय 5:15 पर मु0अ0स0 331/2025 धारा 318(4), 316(2) बीएनएस संबंधित अभियुक्त जगदीश गुप्ता पुत्र स्व अच्छेलाल गुप्ता निवासी सुग्गीचौरी थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से कार्टून राजहंस रिफाइंड तेल 2403 व 111 टीन जिसकी अनुमानित कीमत करीब 26 लाख रुपये है तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा चालान न्यायालय किया गया व पिकअप वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक दिनांक 14.10.2025 को वादी श्री अजय दूबे पुत्र चन्द्रकान्त दूबे निवासी वार्ड नं0 19 रक्सौल थाना रक्सौल जिला मोतिहारी राज्य बिहार द्वारा, 3050 कार्टून राजहंस ब्रान्ड सोयाबीन रिफाईन्ड तेल दिनांक 07.10.2025 को UP53DT9454 नम्बर की टेलर गाडी से जय अम्बेट्रेडिंग बैरिया डालटेनगंज झारखण्ड GST NO 20AB0PA9390EIZU को भेजे जाते समय रास्ते में ही सम्पूर्ण तेल का गबन कर लिया था।

**अभियुक्त का विवरण –**

1. जगदीश गुप्ता पुत्र स्वअच्छेलाल गुप्ता निवासी सुग्गीचौरी थाना मधुबन जनपद मऊ।

**पंजीकृत अभियोग –**

1. मु0अ0स0 331/2025 धारा 318(4), 316(2) बीएनएस थाना मधुबन जनपद मऊ।

**बरामदगी का विवरण-**

1. राजहंस रिफाइंड तेल कार्टून (2403)
2. राजहंस रिफाइंड तेल टिन (111)
3. घटना में प्रयुक्त 01 अदद वाहन पिकअप।

**मिशन शक्ति" अभियान फेज-05 के अन्तर्गत नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं के साथ किये गये अपराध के विरुद्ध शून्य सहनशीलता(Zero Tolerance) की नीति के तहत जनपद पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार –**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एंव मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत महिला अपराध में शून्य सहनशीलता के क्रम मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन में दिनांक 19.10.2025 को थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान महिलाओ पर अश्लील शब्दों का प्रयोग करना व अश्लील हरकते करने पर अछार चट्टी रेलवे क्रासिंग के पास से मु0अ0सं0 440/25 धारा 296 बीएनएस में अभियुक्त आकाश यादव पुत्र दशरथ यादव निवासी अछार सिघंलपुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत  थाना कोपागंज द्वारा मदरसा अरेबिया जामेउल उलूम निस्बा कस्बा कोपागंज के की छात्र-छात्राओं, अध्यापक  गण द्वारा जागरूकता रैली निकालकर किया गया जागरुकता आभियान -**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19.10.2025 को कोपागंज द्वारा मदरसा अरेबिया जामेउल उलूम निस्बा कस्बा कोपागंज के की छात्र-छात्राओं, अध्यापक  गण द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली  मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। साइकिल रैली का आयोजन द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई-

रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181,1076,1098, 102, 108), और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह रैली स्कूल की छात्राओं कि शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मऊ पुलिस द्वारा  एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी तथा स्कूलों/कॉलेजों/ गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया जायेगा। इस दौरान सभी संबधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।